समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

पाकिस्तान से सीजफायर के बाद रुपये ने दिखाई दबंगई, जाने डॉलर के मुकाबले कितना हुआ मजबूत।

Publisher

Published on 13 May 2025

भारतीय शेयर बाजार मे मंगलवार को गिरावट देखी गई. BSE सेसेंक्स 902.68 प्वाइंट नीचे फिसलकर 81,527.22 अंक पर आ गया जबकि निफ्टी 207.15 अंक गिरकर 24,717.55 अंक पर कारोबार कर रहा है.

सीमा पर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद तनाव कम होने और अमेरिका-चीन ट्रेड डील से बाजार में आए साकारात्मक रुझान ने भारतीय रुपये में नया जोश भर दिया है. मंगलवार 13 मई को डॉलर के मुकाबले रुपया 74 पैसे और मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया.

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि भारतीय परिसंपत्तियों में फॉरेन इन्वेस्टर्स की लगातार रुचि और खरीदारी ने स्थानीय मुद्रा को जबरदस्त समर्थन दिया है. गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया. दोनों देशों के बीच भारी तनाव के बाद भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और मिलिट्री एक्शन को फौरन रोकने के लिए शनिवार को सीजफायर का ऐलान किया.

सीजफायर के बाद उछला रुपया

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.70 प्रति डॉलर पर खुला. उसके बाद डॉलर के मुकाबले 84.74 पर लुढ़क गया. हालांकि, यह फिर वापसी करता हुआ 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 74 पैसे की बढ़त दर्शाता है. पिछले कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.36 पर बंद हुआ था.

सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा की वजह से विदेशी मुद्रा बाजार बंद था. इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.58 पर रहा.

शेयर बाजार में गिरावट का दौर

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट देखी गई. बीएसई सेंसेक्स 902.68 प्वाइंट नीचे फिसलकर 81,527.22 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी 207.15 अंक फिसलकर 24,717.55 अंक पर रहा. अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.82 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा.

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,246.48 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे. गौरतलब है कि अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी थी.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.